7 सर्वनाम
Pronoun

बच्चो! सलोनी और श्वेता बातें कर रही हैं। सलोनी अपने नाम की जगह मैं, मेरा, मुझे, मैंने शब्द बोल रही है। ऐसे ही श्वेता ने अपने लिए मैं, मेरी और सलोनी के लिए तुम, तुम्हारा, तुमने शब्दों का प्रयोग किया है। नाम की जगह आने वाले शब्द सर्वनाम हैं।

जिन शब्दों का संज्ञा के स्थान पर प्रयोग होता हैं, उन्हें **सर्वनाम** कहते हैं।

हिंदी में बोले जाने वाले कुछ सर्वनाम शब्द इस प्रकार हैं–



2020.09.01 13:48

Scanned by CamScanner

जैसे–

पिता जी रोहन को रोहन की किताबों के साथ बुला रहें हैं।

इसके स्थान पर:

पिता जी रोहन को उसकी किताबों के साथ बुला रहे हैं।

संज्ञा शब्दों की तरह सर्वनाम शब्द भी एकवचन और बहुवचन होते हैं–

सर्वनाम एकवचन	सर्वनाम बहुवचन
मैं	हम
तुम	तुम / सब
उसे	उन्हें
किसे	किन्हें

सर्वनाम एकवचन	सर्वनाम बहुवचन
यह	ये
वह	वे
मेरा	हमारा
किसको	किनको

हमने सीखा

- संज्ञा शब्दों के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं।
- सर्वनाम शब्द बहुत–से हैं। अपने लिए– मैं, हम। दूसरों के लिए – तुम, आप। किसी तीसरे के लिए जो सामने है/हैं– यह, ये। किसी तीसरे के लिए जो सामने नहीं है/हैं– वह, वे। बड़ों के लिए– आप।

Scanned by CamScanner

अब बारी आपकी

1. रेखा खींचकर सर्वनाम शब्दों को सही वाक्यांश से जोड़िए–

मैंने	गाना सुनूँगी।
मैं	कहाँ से आए हो?
तुम	ऐसा नहीं करना चाहिए।
तुम्हें	दौड़ रहा है।
वह	रोको।
उसे	पुस्तक पढ़ी।

2. खाली जगह पर उचित सर्वनाम शब्द चुनकर भरिए–

(क) कविता : कोमल ......तुम...... कब आई? [तुमने/तुम

(ख) कोमल : ......मैं...... आज आई हूँ। [हम/मैं

(ग) कविता : ......तुमने...... रोहन से बात की? [तुमने/तु

(घ) कोमल : ......उसका...... मोबाइल फ़ोन बंद है। [उसकी/उसका

(ङ) कविता : चलो, अब ......हम...... सोते हैं। [सब/हम

3. दी गई कहानी में सर्वनाम शब्दों के नीचे रेखा खींचिए–

प्रकाश मेहनती लड़का है। उसने कभी आलस नहीं किया। वह प्रातः भ्रमण पर जाता है। भ्रमण से आकर वह नहाता है। फिर वह अपना पाठ याद करता है। उस दिन अध्यापक ने उससे पूछा, "तुम क्या सोचकर इतनी मेहनत करते हो?" उसने कहा, "सर, मैं मेहनत के बल पर किसी दिन अच्छी नौकरी पाऊँगा और अपने माँ–बाप को सुख दूँगा। आपने ही तो सिखाया है कि हमें अपना भविष्य स्वयं बनाना है।"

आओ करके सीखें–
1. सर्वनाम शब्दों का

कोच सर, मैं बालिंग करूँगा।

2020.09.01 13:49
Scanned by CamScanner

आओ करके सीखें–

सर्वनाम शब्दों का प्रयोग करके बातचीत को पूरा कीजिए–

Scanned by CamScanner